# निदेशालय स्थानीय निकाय, राजस्थान, जयपुर

जी- 3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर
(Phone & Fax-2222403/2223239 Web-www.lsgraj.org Email ID-dlbrajasthan@gmail.com)

क्रमांक एफ 55( )पीए / सीई / ... / एमजेएसए / 2021 / 18153 दिनांक 22/03/2021

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF),
जयपुर, राजस्थान।

विषयः–मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) के द्वितीय चरण के अंतर्गत रायसिंहनगर के प्रगतिरत कार्य को पूर्ण कर तत्संबंधित सूचना पोर्टल पर अपलोड करवाने हेतु।

संदर्भः–अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, रायसिंहनगर का पत्रांक 2967 दिनांक 19.02.2021

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, रायसिंहनगर द्वारा अवगत कराया गया कि, नगर पालिका, रायसिहनगर में टीके–11 नगर वन उद्यान, रायसिंहनगर राशि रू. 121.00 लाख का वनीकरण कार्य स्वीकृत किया गया था तथा उक्त कार्य की कार्यकारी एजेंसी वन विभाग, श्रीगंगानगर को बनाया गया था। नगर पालिका, रायसिंहनगर द्वारा उक्त कार्य को संपादित करने के लिए राशि रू. 70.00 लाख वन विभाग को भिजवा दी गयी थी। आपके पत्रांक 224 दिनांक 08.02.2021 के द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त राशि में से राशि रू. 54.20 लाख का व्यय किया गया है तथा राशि रू. 15.80 लाख शेष है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, रायसिंहनगर द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि, उनके द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से उप वन संरक्षक, श्रीगंगानगर से उक्त कार्य को पूर्ण कर राशि रू. 70.00 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाने हेतु निवेदन किया गया है, परंतु वन विभाग द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है

अतः उपरोक्त कार्य का शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने तथा पूर्णता प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

(दीपक नंदी)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांक एफ 55( )पीए / सीई / ... / एमजेएसए / 2021 / 18154-162 दिनांक 22/03/2021

प्रतिलिपी निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. निजी सचिव, शासन सचिव, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. अतिरिक्त निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
3. वित्तीय सलाहकार, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
4. जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर
5. उपनिदेशक, क्षेत्रीय, ... विभाग, बीकानेर।
6. उप वन संरक्षक, श्रीगंगानगर
7. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, रायसिंहनगर।
8. प्रोग्रामर (आई.टी.) ... निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. सुरक्षित पत्रावली।

(भूपेन्द्र माथुर)
... अभियंता

Scanned with CamScanner

# कार्यालय अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–संरक्षण) राजस्थान, जयपुर

अरावली भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर–302004 (राज.) दूरभाष नं० 0141–2709204 एवं फैक्स नं. 0141–2708687

क्रमांक एफ 5 (23) MJSA (Urban-II)/विकास/अप्रमुवसं/भू.सं./2017–18/224 दिनांक 08/02/20

निमित्त,

निदेशक विशिष्ट शासन सचिव,
निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग,
राजस्थान, जयपुर

विषय :–मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण के अन्तर्गत बाड़मेर, सांचौर एवं रायसिंहनगर, चाकसू के प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने बाबत्।

संदर्भ :–आपका पत्र कमांक एफ 55 ( ) पीए/सीई/ डीएलबी/ एमजेएसए/ 2021/ 8838 दिनांक 25.01.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आप कार्यालय द्वारा संदर्भित पत्र से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण के अन्तर्गत बाड़मेर, सांचौर ,रायसिंहनगर एवं चाकसू के निम्न प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने के कम में लिखा गया है :–

| Town | Category | Agency | Activity | Work Name (as shown on portal) | GB/WB Name (as shown on portal) | Financial Value | Work Progress on Portal (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Barmer | Afforestation | Forest Department | Plantation around existing Structure | Plantation and Maintain work in Barmer Hilly | Plantation and Maintain work in Barmer Hilly | 3496724 | Not Start |
| Sanchore | Afforestation | Forest Department | Plantation around existing Structure | City Forest Sanchore | City Forest Sanchore | 1211000 | Not Start |
| Raisingh Nagar | Afforestation | Forest Department | Plantation around existing Structure | Plantation | 11 tike | 1211000 | Initiated |
| Chaksu | Afforestation | Forest Department | Plantation around existing Structure | afforestation work at chaksu | afforestation work at chaksu | 1005000 | Not Start |

उपरोक्त मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण के अन्तर्गत कराये गये चारों कार्यो कि प्रगति निम्नानुसार हैः–

बाडमेर :--

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण मे बाडमेर जिले के अन्तर्गत कराये गये नगर वन बाडमेर हिल्ली–I, 20 हैक्टर विकास कार्य को पूर्ण करवाया जा चुका है एवं उप वन संरक्षक, बाडमेर के पत्र दिनांक 10.02.2020 द्वारा कार्य का उपयोगिता प्रमाण पत्र आयुक्त, नगर परिषद, बाडमेर को प्रेषित किया जाकर अंतिम किश्त राशि रूपये 13.49 लाख जारी करने हेतु निवेदन किया गया।

Scanned with CamScanner

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) के तहत् करवाये जा रहे कार्य ऑनलाईन पोर्टल की मॉनिटरिंग कार्यालय आयुक्त, नगर परिषद, बाड़मेर द्वारा की जाती है। इस संबंध में उन्हें उप वन संरक्षक, बाड़मेर द्वारा अवगत करवाया जा चुका है। अतः उक्त कार्य की ऑनलाईन पोर्टल पर प्रगति को अपडेट करवाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

उप वन संरक्षक, बाड़मेर के पत्र कमांक 660 दिनांक 27.01.2021 द्वारा पुनः आयुक्त नगर परिषद, बाड़मेर से उक्त कार्य के संबंध में अंतिम किश्त की राशि जारी करने तथा कार्य को ऑनलाईन पोर्टल पर अपडेट करने हेतु अनुरोध किया जाकर प्रतिलिपि जिला कलेक्टर बाड़मेर को प्रेषित की गई है।

**सांचौर :–**

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण के अन्तर्गत सांचौर में शहरी वनीकरण के नाम से वर्ष 2018–19 में 5. हैक्टर क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य स्वीकृत हुआ है। जिसकी वित्तीय स्वीकृति जिला कलेक्टर जालोर के पत्रांक 5403–07 दिनांक 26.12.2018 को जारी हुई थी। जिसके अन्तर्गत वर्ष 2018–19 में अिग्रम मृदा व वृक्षारोपण कार्य किया गया है जिसमें 1250 पौधे रोपित किये गये एव वर्तमान वर्ष 2020–21 में द्वितीय वर्ष संधारण कार्य जिसमें पौधों को पानी पिलाना व सुरक्षा हेतु चौकीदारी कार्य प्रगतिरत है। उक्त कार्यस्थल पर वर्तमान में पौधो की 94 प्रतिशत जीवितता है।

| क्र. स | कार्य का नाम | वर्ष | | कार्य का विवरण | स्वीकृत राशि लाखों में | वित्तीय राशि लाखों में | कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी वनीकरण साचौर रोपित पौधों की संख्या 1250 | 0 वर्ष | 2018–19 | फेंसिग व पौधारोपण कार्य | 6.014 | 5.211 | पूर्ण |
| | | प्रथम संधारण | 2019–20 | पौधों का पानी पिलाना निराई गुडाई व सुरक्षा कार्य | 2.376 | 2.168 | पूर्ण |
| | | द्वितीय संधारण | 2020–21 | पौधों का पानी पिलाना निराई गुडाई व सुरक्षा कार्य | 1.662 | 1.090 | प्रगतिरत |
| | | तृतीय संधारण | 2021–22 | पौधों का पानी पिलाना व सुरक्षा कार्य | 1.391 | – | – |
| | | चतुर्थ संधारण | 2022–23 | सुरक्षा काय | 0.663 | – | – |
| | | | | | 12.106 | 8.469 | |

**रायसिंहनगर :–**

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण के अन्तर्गत टी.के.11 नगर वन उद्यान रायसिंहनगर , उप वन संरक्षक, श्री गंगानगर द्वारा उनके पत्र कमांक 576 दिनांक 03.02.2021 से 70.00 लाख का आवंटन बताया जाकर 54.20 लाख का व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाना बताया गया है प्रगति सूचना निम्नानुसार बताई गई हैं:–

| S.No. | Name of Work | QTY | Work Finish | Pending |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Earth Work | 8100 sqm | 7100 sqm | 1000 sqm |
| 2 | Earth Work Filling | 3360 cum | 3000 cum | 360 cum |
| 3 | Boundary Wall | 800 mtr | 744 mtr | 56 mtr |
| 4 | Chainling Fenshing | 720s sqm | 00 | 720 sqm |
| 5 | CC Block | 2196 sqm | 1319 sqm | 877 sqm |
| 6 | Storage Kund | 5 | 00 | 5 |
| 7 | Diggi | 1 | 1 | 1 |
| 8 | Water Courge | 305 mtr | 00 | 305 mtr |
| 9 | Toilete Gents | 2 Nos | 00 | 2 Nos |
| 10 | Toilete Ladies | 1.Nos | 00 | 1 Nos |
| 11 | [illegible] | 1 Nos | 00 | 1 Nos |
| 12 | [illegible] Work | 3000 | 1200 | 1800 |

Scanned with CamScanner

चाकसू :–

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) द्वितीय चरण के अन्तर्गत चाकसू में किये गये कार्यो के संबंध मे उप वन संरक्षक, जयपुर द्वारा उनके पत्र कमांक 849 दिनांक 03.02.2021 से लगाये गये पौधों की संख्या 435 एवं वर्तमान में जीवित पौधें 352 बताये गई है ,जिसका विवरण निम्नानुसार है ।:–

लगाये गये पौधे– 435 (200 नीम, 235 करंज)
वर्तमान मे जीवित पौधे – 352 (100 नीम, 252 करंज)
पौधों की उचाई– 3′ से 4′
सिमेन्ट फैसिंग पोल – 135 नग
तार – 5 कतार सीधे व 2 कोस में खेंचे हुए
परिमाप – लगभग 600 मीटर

भवदीया,

Shikha
(शिखा मेहरा)
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू–संरक्षण) राजस्थान, जयपुर

Scanned with CamScanner

26-690/221312

# कार्यालय नगरपालिका रायसिंहनगर,
## जिला श्रीगंगानगर (राज0)

Web site : http://urban.rajasthan.gov.in/ulbraisinghnagar
Phone/Fax No.-01507-221023Email id- nagarpalikarsnr@gmail.com

क्रमांक–

दिनांक – 19 / 02 / 2021

श्रीमान् मुख्य अभियन्ता महोदय,
निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग
राजस्थान जयपुर।

विषय :– मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (नगरीय) के द्वितीय चरण के प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (शहरी) रायसिंहनगर के द्वितीय चरण के अन्तर्गत निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्रांक प. 55 / सीई / डीएलबी / एमजेएसए फेज–II / 2018 / 41505–539 दिनांक 29.05.2018 के द्वारा रायसिंहनगर नगरपालिका के वनीकरण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, श्रीगंगानगर के पत्रांक एमजेएसए फेज–II / न.पा.रा. / 2801 दिनांक 26.09.2018 के द्वारा वित्तीय स्वीकृति एवं ऑनलाईन वित्तीय स्वीकृति सं. ए.एफ.एफ.एस. / 2018 / 00385 दिनांक 01.11.2018 राशि रूपये 121.00 लाख की जारी की गई है। उक्त कार्य की कार्यकारी एजेन्सी वन विभाग श्रीगंगानगर को बनाया गया हैं। उक्त कार्य हेतु पालिका को 121.00 लाख रूपये प्राप्त हुये थे। जिसमें से 70.00 लाख रूपये वन विभाग को भिजवा दिये गये हैं शेष राशि 51.00 लाख रूपये पालिका कोष में जमा हैं।

श्रीमान् उप वन संरक्षक श्रीगंगानगर के पत्र दिनांक 08.01.2020 के द्वारा अवगत कराया हैं कि पालिका द्वारा राशि 70.00 लाख रूपये भिजवाये गये थे जिसमें से 40.90 लाख रूपये व्यय हो चुके हैं, राशि 29.10 लाख रूपये शेष हैं। जिसका उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाया गया हैं।

श्रीमान् उप वन संरक्षक श्रीगंगानगर मार्फत क्षेत्रीय वन अधिकारी रायसिंहनगर को पालिका के पूर्व पत्रांक 4192–4200 दिनांक 14.11.18, पत्रांक 2515–2516 दिनांक 20.12.19, पत्राक 2819–2822 दिनांक 08.01.2020, पत्रांक 380–384 दिनांक 11.04.2020, पत्रांक 2643–2649 दिनांक 03.02.2021 व पत्रांक 2894–2900 दिनांक 15.02.2021 के द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान (शहरी) रायसिंहनगर के द्वितीय चरण के उद्यान 11 टीके रायसिंहनगर के वर्गीकरण कार्य पूर्ण कर सूचना भिजवाने हेतु बार–बार पत्र लिखे गये थे। परन्तु वन विभाग के द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया हैं, और ना ही शेष कार्य पूर्ण किया गया हैं, ना ही उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाये गये हैं।

अतः सूचना श्रीमान् जी की सेवा में सादर प्रेषित हैं।

Sd
(लाजपत बिश्नोई)
अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका, रायसिहनगर

क्रमांक– 2467

दिनाक – 19 / 02 / 2021

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के पत्राक एफ.55( ) पीए / सीई / डीएलबी / एमजेएसए / 2021 / 8808–815 दिनाक 25.01.2021 के सन्दर्भ मे सादर प्रेषित हैं।
2. श्रीमान अतिरिक्त प्रधान, मुख्य वन संरक्षक (भू–संरक्षण), अरावली भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, राजस्थान जयपुर।
3. श्रीमान आयुक्त महोदय, राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण जयपुर।
4. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, श्रीगंगानगर।
5. श्रीमान अति0 निदेशक महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
6. श्रीमान अति. मुख्य अभियन्ता महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. श्रीमान उपनिदेशक (क्षे0) महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, बीकानेर।
8. श्रीमान उप वन संरक्षक महोदय, [illegible] पदमपुर रोड, श्रीगंगानगर मार्फत श्रीमान क्षेत्रीय वन अधिकारी वन विभाग, रायसिंहनगर।

(लाजपत बिश्नोई)
अधिशाषी अधिकारी,

Scanned with CamScanner